**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**21.03.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे**

**"आज के मुख्य समाचार"**

- निर्वाचन आयोग भ्रामक सूचना की चुनौतियों से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार– हितधारकों से सतर्क रहने का आग्रह।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रदेश सरकार पर अपनी ही पार्टी के विधायकों और जनता की अनदेखी का लगाया आरोप।
- प्रदेश कांग्रेस संगठन महामंत्री रजनीश किमटा ने कहा– लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी की केन्द्रीय चुनाव समिति जल्द करेगी प्रत्याशियों का चयन।

और

- चम्बा ज़िला के एक सौ 5 वर्षीय प्यार सिंह ने युवा मतदाताओं से सशक्त लोकतंत्र के निर्माण के लिए समझदारी से वोट देने की अपील की।

अब समाचार विस्तार से..........

**निर्वाचन आयोग**

आम चुनाव को ध्यान में रखते हुए निर्वाचन आयोग भ्रामक सूचना की चुनौतियों से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। भ्रामक सूचना से लोकतंत्र की प्रक्रिया को क्षति हो सकती है। आयोग ने कड़े दिशा–निर्देश जारी करते हुए सभी हितधारकों से जिम्मेदारीपूर्ण व्यवहार करने और सतर्क रहने का आग्रह किया है। इस स्थिति की गंभीरता का उल्लेख करते हुए आयोग ने किसी प्रकार की भ्रामक सूचना का प्रसार करने से पहले राजनीतिक पार्टियों को उनकी जांच करने को कहा है। इस तरह भ्रामक सूचना के प्रसार को रोका जा सकता है।

**जयराम ठाकुर**

पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर अपनी ही पाटी के विधायकों की अनदेखी और जनता को परेशान करने का आरोप लगाया है। सोलन में आज पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि प्रदेश में मौजूदा समय में जो राजनैतिक हालात बने हैं, जो चुने हुए जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा का परिणाम है। जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश की दो लोकसभा सीटों सहित विधानसभा की 6 सीटों के उपचुनाव के लिए प्रत्याशियों का चयन पार्टी हईकमान द्वारा किया जाएगा। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि केन्द्र सरकार ने आपदा के समय हिमाचल की भरपूर मदद की और करीब एक हज़ार 8 सौ करोड़ रूपए की आर्थिक सहायता प्रदान की। जयराम

ठाकुर ने कहा कि देश में अब झूठ की राजनीति समाप्त हो गई है और कांग्रेस की झूठी गारंटियों वाली राजनीति को जनता ने नकार दिया है।

## भाजपा प्रचार

लोकसभा चुनाव के लिए शिमला संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी व मौजूदा सांसद सुरेश कश्यप ने आज से चुनाव प्रचार शुरू कर दिया है। उन्होंने शिमला के सीटीओ से प्रचार अभियान की शुरुआत की और स्थानीय लोगों से वोट के रुप में फिर से समर्थन मांगा। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व मंत्री सुरेश भारद्वाज सहित पार्टी के अन्य नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस मौके पर सुरेश कश्यप ने शिमला संसदीय क्षेत्र से उन्हें भाजपा प्रत्याशी बनाए जाने पर पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया और प्रदेश की चारों लोकसभा सीटों पर जीत का दावा किया। सुरेश कश्यप ने कहा कि इस बार भाजपा ने 3 सौ 70 पार और एन.डी.ए. ने 4 सौ पार का नारा दिया है जिसे साकार किया जाएगा। कश्यप ने कहा कि बीते पांच वर्ष में उन्होंने शिमला संसदीय क्षेत्र में हर संभव विकास करवाने का प्रयास किया जिसे फिर से जीत दर्ज़ कर आगे बढ़ाने का कार्य किया जाएगा।

## मुख्य सचिव

मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना की अध्यक्षता में आज शिमला में सड़क सुरक्षा को लेकर परिवहन विभाग की एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस दौरान पुलिस, लोक निर्माण, स्वास्थ्य, शिक्षा व परिवहन विभाग के माध्यम से सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित किये जा रहे विभिन्न कार्यों व गतिविधियों पर खर्च की जा रही धनराशि सहित प्रदेश में सड़क सुरक्षा के वर्तमान परिदृश्य पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में अवगत करवाया गया कि वर्ष 2023 में सड़क सुरक्षा निधि के तहत विभिन्न कार्यों के लिए 26 करोड़ 73 लाख रुपये की धन राशि संबंधित विभागों को आबंटित की गई। बैठक में बताया गया कि सोलन के बद्दी में स्वचालित वाहन जाँच प्रणाली की स्थापना की जा रही है और ऊना के हरोली में स्वचालित ड्राइविंग टेस्टिंग ट्रैक व सुरक्षा पार्क का निर्माण करवाया जा रहा है।

## बीज आलू

केन्द्र सरकार द्वारा शिमला के समीप कुफरी स्थित फार्म में आलू बीज उत्पादन को फिर से मंजूरी मिलने के बाद अब आलू उत्पादकों को सुविधा मिलेगी। केन्द्रीय आलू अनुसंधान संस्थान शिमला के निदेशक बृजेश सिंह ने बताया कि 6 साल पहले कुफरी के फार्म में सिस्ट निमेटोड रोग बीज में पाया गया था जिसके चलते यहां आलू का उत्पादन रूक गया था। उन्होंने कहा कि सी.पी.आर.आई. के वैज्ञानिकों ने अब सिस्ट निमेटोड को खत्म करने की तकनीक तैयार कर ली है जिससे अब कुफरी फार्म में आलू उत्पादन हो सकेगा। बृजेश सिंह ने बताया कि केन्द्र सरकार ने 6 मार्च को हिमाचल सहित पहाड़ी राज्यों उत्तराखण्ड, जम्मू–कश्मीर सहित अन्य सभी राज्यों में आवाजाही की अनुमति कुछ विशेष शर्तों के साथ प्रदान कर दी है। उन्होंने कहा कि संस्थान के कुफरी–फागू फार्म पर उत्पादित ब्रीडर बीज पर्वतीय राज्यों को मुहैया करवाए जाते हैं।

**रजनीश किमटा**

प्रदेश कांग्रेस संगठन महामंत्री रजनीश किमटा ने कहा है कि लोकसभा चुनाव के लिए जल्द ही केन्द्रीय चुनाव समिति की बैठक में प्रत्याशियों का चयन कर लिया जाएगा। शिमला स्थित कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में आज पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि पार्टी प्रदेश की चारों लोकसभा सीटों पर सशक्त उम्मीदवारों को उतारेगी। किमटा ने कहा कि इस संबंध में दिल्ली में हुई अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की बैठक में पहले दौर का मंथन पूरा हो चुका है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार पूरी तरह स्थिर है और मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में सरकार 5 साल का कार्यकाल पूरा करेगी। रजनीश किमटा ने कहा कि प्रदेश की जनता का विश्वास सरकार के साथ है और कांग्रेस पार्टी आने वाले चुनावों में अवश्य ही जीत हासिल करेगी।

**शतायु मतदाता**

निर्वाचन विभाग द्वारा लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए जहां विभिन्न स्थानों पर स्वीप कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं वहीं चम्बा ज़िला के हटनाला वार्ड निवासी एक सौ 5 वर्षीय प्यार सिंह आज भी मतदाताओं के लिए प्रेरणा स्रोत बने हुए हैं। वर्ष 1952 से अपने मताधिकार का प्रयोग करते आ रहे प्यार सिंह ने युवा मतदाताओं से अपने मत का प्रयोग समझदारी से करने की अपील की है ताकि एक सशक्त लोकतंत्र का निर्माण किया जा सके। प्यार सिंह लोकसभा चुनाव को लेकर उत्साहित हैं और उन्होंने कहा कि वे इस बार भी अवश्य ही मतदान करेंगे।

**डीसी कुल्लू**

कुल्लू की उपायुक्त तोरूल एस. रवीश ने ग्रामीण व शहरी निकायों को सूखे और गीले कचरे के निपटान के लिए उचित व्यवस्था करने को कहा है। कुल्लू में आज एक बैठक में उन्होंने कहा कि कूड़े के उचित प्रबंधन के लिए शहरी व ग्रामीण निकायों को संयंत्र स्थापित करने की आवश्यकता है। उपायुक्त ने बताया कि कसोल में वेस्ट डिस्पोज़ल प्लांट की स्थापना के लिए दो बीघा भूमि चयनित कर ली गई है और इस संबंध में औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं। इस बीच, उपायुक्त ने बवेली में ग्रामीण विकास विभाग के निर्माणाधीन शी हाट भवन का निरीक्षण भी किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शी हाट से कुल्लू आने वाले पर्यटकों को एक ही छत के नीचे हथकरघा व पारंपरिक कृषि उत्पादों सहित स्वादिष्ट व्यंजन भी उपलब्ध होंगे। उपायुक्त ने बताया कि इसके शुरू होने से करीब 4 सौ 50 महिलाओं को प्रत्यक्ष व एक हज़ार से अधिक महिलाओं को अप्रत्यक्ष तौर पर रोज़गार के साधन मिलेंगे। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को भवन का निर्माण कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश भी दिए।

**बस सेवा**

लाहौल घाटी में पिछले करीब एक महीने से बर्फबारी के कारण बंद एच.आर.टी.सी. की बस सेवा जल्द ही शुरू होगी। लाहौल स्पीति के उपायुक्त राहुल कुमार ने बताया कि दो दिन के भीतर केलंग–कुल्लू, केलंग–उदयपुर और केलंग–दारचा के बीच बसों की आवजाही शुरू होगी और इस संदर्भ में परिवहन निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक को आदेश दिए गए हैं।

**अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर**

- निर्वाचन आयोग भ्रामक सूचना की चुनौतियों से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार– हितधारकों से सतर्क रहने का आग्रह।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रदेश सरकार पर अपनी ही पार्टी के विधायकों और जनता की अनदेखी का लगाया आरोप।
- प्रदेश कांग्रेस संगठन महामंत्री रजनीश किमटा ने कहा– लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी की केन्द्रीय चुनाव समिति जल्द करेगी प्रत्याशियों का चयन।

और

- चम्बा ज़िला के एक सौ 5 वर्षीय प्यार सिंह ने युवा मतदाताओं से सशक्त लोकतंत्र के निर्माण के लिए समझदारी से वोट देने की अपील की।

**इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ। नमस्कार।**